रहा हैं और सरकार यह आशा करती हैं कि इसके परिणामस्वरूप जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम के कार्यनिष्पादन में उत्तरोत्तर सुधार होगा।

Spread of AIDS in Gujarat

2043. SHRI AHMED PATEL: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that AIDS cases are on the rise in the State of Gujarat;

(b) if so, the details of AIDS cases detected in the State during the last three years, year-wise and district-wise; and

(c) the remedial measures taken by Government to prevent the dreaded disease in the State from spreading?

THE MINISTER OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI SURESH PRABHU): (a) and (b) The details in respect of AIDS cases in Gujarat during 3 years is as under:—

1995	–	24
1996	–	128
1997	–	134

The National AIDS Control Organisation (NACO) maintains State-wise data only.

(c) The Government of Gujarat proposes to take a number of remedial measures during 1998-99 to prevent the spread of HIV/AIDS. These include activating the functioning of the State Council for Blood Transfusion, effecting improvements in the quality of care of STD services in Government facilities and extending the existing surveillance activities. Besides the proposed strengthening of the State AIDS Cell would contribute to better prevention of the spread of HIV/AIDS. It is also proposed to target the vulnerable population groups for dissemination of information about the transmission and prevention of HIV/AIDS.

एड्स रोगियों के संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े

2044. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया** :
श्रीमती शबाना आज़मी :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच हैं कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में प्रकाशित किया हैं कि सन् 2000 तक संसार में 30 से 40 मिलियन लोगों के एड्स रोग से पीड़ित होने की संम्भावना हैं, जिसमें 5 मिलियन रोगी भारतीय होंगे;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने "एड्स" रोग के खतरों को देखते हुए एड्स निरोधक कदम उठाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कोई कार्य योजना तैयार की हैं; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या हैं?

पर्यावरण और वन मंत्री (श्री सुरेश प्रभु) : (क) यूनेड्स/विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी रिपोर्टो में से एक रिपोर्ट में बहिर्वेशन के आधार पर बताया हैं कि विश्व में 2000 ईसवीं तक 40 मिलियन से अधिक लोग एच. आई.वी. (न कि एड्स रोगी) से ग्रस्त होंगे जिसमें से 2.5 मिलियन एच.आई.वी. से संक्रमित लोग भारतीय होने का अनुमान लगाया गया हैं।

(ख) सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन/यूनेड्स से आवश्यक स्पष्टीकरण मांगा हैं जिन्होने बताया कि यह रिपोर्ट, अन्य बातों के साथ साथ जानपादिक रोग विज्ञान संबंधी अध्ययनों, जनसंख्या आकार, सूचित किए गए एड्स रोगियों इत्यादि के तथ्यों पर आधारित थी और यह एक अनुमान था।

(ग) और (घ) भारत में एच.आई.वी./एड्स के निवारण और इसे फैलने से रोकने के लिए देश भर में इस समय एक वृहद कार्यक्रम एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में कार्यान्वित किया जा रहा हैं । मुख्य कार्य-नीतियों में निम्नलिखित बातें हैं:-

(I) केन्द्र और राज्य स्तर पर कार्यक्रम प्रबंध क्षमताओं का सुदृढ़कीरण;

(ii) एच.आई.वी./एड्स के बारे में उच्च जोखिम आचरण वाले समूहो और आम जनता में जागरूकता उत्पन्न करना;

(iii) यौन संचरित रोगों की रोकथाम ;

(iv) रक्त बैकों को उपयुक्त रूप से लाइसेंस देने